16|8|18 16|8|18 16|8|18 16|8|18
अनुमंडल दण्डाधिकारी का न्यायालय धालभूम जमशेदपुर
मिष (पी०) नं० 71/2018
नईम अहमद - बनाम - धारा-144 दं० प्र० सं० सरदार दर्शन सिंह उर्फ हरजीत सिंह

अंचल अधिकारी का कार्यालय, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम

पत्रांक : 1716

दिनांक : 16/7/18

अनुमण्डल दण्डाधिकारी का न्यायालय
17 JUL 2018
1:12 P.M
धालभूम, जमशेदपुर

प्रेषक,

अंचल अधिकारी,
जमशेदपुर ।

सेवा में,

अनुमण्डल दण्डाधिकारी,
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर ।

विषय : मिस (पी0) नं0–71/2018 धारा–144 दं0प्र0सं0 (नईम अहमद–बनाम–सरदार दर्शन सिंह उर्फ हरजीत सिंह) में जाँच के संबंध में ।

प्रसंग : भवदीय पत्रांक 507/विधि, दिनांक 09.07.2018 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में संबंधित राजस्व कर्मचारी एवं प्रभारी अंचल निरीक्षक से जाँच कराया गया । जाँच प्रतिवेदन के अनुसार हाल सर्वे खतियान में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र, वार्ड नं0–4, खाता नं0–2, प्लॉट नं0–152, रकवा 0.71.00 हे0 भूमि किस्म परती अनाबाद बिहार सरकार के खाते की भूमि है । खतियान के अभ्युक्ति कॉलम में अवैध दखल अवतार सिंह, पिता चरण सिंह एक अंश त्रिलोक सिंह, पिता पुरन सिंह एक अंश, दर्शन सिंह, पिता करनैल सिंह एक अंश तथा भगवान सिंह, पिता भजुराम सिंह एक अंश अवधि 1957 से दर्ज है, जो टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी के हाल लीज डीड के Appendix 'E' में सन्निहित है ।

स्थल जाँच के क्रम में पता चला कि विवादित प्लॉट नं0–152/अंश पर उत्तर एवं पूरब की ओर से करीब 6 फीट ऊँचाई सिमेन्टेड स्लैब डाल कर दर्शन सिंह उर्फ हरजीत सिंह द्वारा चहारदिवारी बनायी गई है । चहारदिवारी के अन्दर पूरब–पश्चिम लम्बाई करीब 80 फीट तथा उत्तर–दक्षिण की चौड़ाई करीब 50 फीट है । चहारदिवारी के अन्दर कई पीलर खड़ा किया गया है जो देखने से नया प्रतीत होता है तथा एक कमरा बना है जो ईट एवं एसबेस्टर का है जो कि टुटी अवस्था में है एवं 20–25 वर्ष पुराना प्रतीत होता है । आस–पास के लोगों द्वारा बताया गया कि विवादित प्लॉट नं0–152 के अंश भाग रकवा 0.04.18 हे0 भूमि पर दर्शन सिंह उर्फ हरजीत सिंह का लगभग 50 वर्ष से दखल है । प्लॉट नं0–152/अंश का चौहद्दी निम्न प्रकार है :– उत्तर–नईम अहमद का मॉडर्न टायर दुकान, दक्षिण में–प्लॉट नं0 152 का अंश भाग, पुरब–पक्की सड़क, पश्चिम–मैला टंकी का चहारदिवारी ।

अतः भवदीय को सूचनार्थ प्रेषित ।

S.D.M
17/7/18

विश्वासभाजन

16/7/18

अंचल अधिकारी,
जमशेदपुर

पढ़ा एवं संशोधन किया
16/8/18

मुद्रक किया — तुलना किया

तुलना 16/8/18 — तुलना लिपिक 16/8/18

सच्ची प्रतिलिपि प्रमाणित
16/8/18
प्रधान लिपिक
अनुमण्डलीय कार्यालय, धालभूम जमशेदपुर

Misc_Case_2018